ARAJI BOOJI

STORIES OF KING VIKRAMĀDITYA
as told in Mongolian

together with the unpublished Tibetan version

རྒྱལ་པོ་བི་ཀྲ་མ་ཨཱ་དི་ཏྱའི་སྒྲུང་པ་ཤིང་མི་དང་པོ་ནས་བཅུ་གསུམ་གྱི་བར་དུ་
རྒྱལ་པོ་ཨརྫི་བུརྫི་དང་ཕན་ཚུན་སྦྲ་བར་བྱེད་པའི་ལོ་རྒྱུས་བཞུགས་སོ།།

by

Prof. Dr. Raghu Vira

ŚATA-PIṬAKA SERIES

INDO-ASIAN LITERATURES

Volume 15

Reproduced in original scripts and languages

Translated, annotated and critically evaluated

by

specialists of the East and the West

in a Series of Collectanea

Founded by

RAGHU VIRA

M.A., Ph.D., D.Litt. et Phil., M.P.

EDITOR-IN-CHIEF

शतपिटक-माला

आचार्य-रघुवीर-समुपक्रान्तं

जम्बुद्वीप-राष्ट्राणां

(भारत-नेपाल-गान्धार-शूलिक-तुरुष्क-पारस-ताजक-

भोट-चीन-मोंगोल-मञ्जु-उदयवर्ष-

सिंहल-सुवर्णभू-श्याम-कम्बुज-

चम्पा-द्वीपान्तरादीनां)

एकैकेषां समस्रोतसां संस्कृति-साहित्य-समुच्चय-
सरितां सागरभूतं

शतपिटकम्

MONGOL-PIṬAKA

being
the Mongolian Collectanea
in
the series of Indo-Asian Literatures
forming
the Śatapiṭaka

Vol. 4

ARAJI BOOJI

शतपिटके

मोंगोल-पिटकम्

तत्र

चतुर्थं प्रसूनं

विक्रमादित्यराजचरितम्

तच्च

आचार्य-रघुवीरेण सम्पादितमनूदितं च

आराजि बोजि

राजा विक्रमादित्य का चरित जो राजा भोज को काष्ठपुरुषों अर्थात् पुतलियों ने सुनाया

१. मोंगोल मूल, नागरी लिप्यन्तर, हिन्दी अनुवाद
तथा मोंगोल भाषा का व्याकरण

२. मोंगोल का अद्यावधि अप्रकाशित भोटानुवाद

आचार्य रघुवीर

स र स्व ती - वि हा र
ज२२, हौज़ खास एंक्लेव
नई दिल्ली १६
१९६१

हिमावृत घासभूमि में
वृकाजिनावृतशीर्ष लेखक

The author in the snow-covered grasslands of Mongolia
20.12.1955

समर्पण

श्रद्धा तथा भक्तिपूर्वक में इन मोंगोल-हिन्दी-भोट
कथाओं को मोंगोल राष्ट्र के प्रधानमन्त्री
महामान्य श्री त्सेदेन् बाल्
के करकमलों में
समर्पण करता हूं

रघुवीर

विषयसूची

महामान्य प्रधानमन्त्री श्री त्सेदन् बाल् मागोल मेघदूत दे रहे हैं

His Excellency Tseden Bal and the author exchange gifts
21.12.1955

PREFACE

Herewith we present two versions of the Vikramāditya stories, one in Mongolian and the other in Tibetan. The Tibetan is a rare example of a work translated from Mongolian. The Tibetan has never been published before. Its language and style are simple. In its opening paragraphs it has sought to integrate the two Mongol traditions, one of relating the stories to king Bhoja and the other to king Kṛṣṇa. Kṛṣṇa is said to have ruled over the great city of Gokula on the banks of Yamunā and to have succeeded king Bhoja.

King Kṛṣṇa appears in the bigger Mongolian version in place of king Bhoja. There he is described as living in the city of Vaiśālī on the banks of Yamunā and as having three wives, Gopī, Rādhā and Rukmiṇī. Obviously, he is the Kṛṣṇa of Mahābhārata and Gītagovinda. His divinity is described by *tümen ǰirγulang-tu Burqan* "Buddha of myriad joys". The reconstructed title of the Indian original is अयुतभोग-कृष्णराज-स्वर्णासन-प्राप्ति-जातक. It is said to have been translated into Mongolian by Pandit Bhagarāja in the town of Γurban Sayiqan, and completed in the fire-tiger year 1686 on the 18th day of the last summer month. The scribes are named: (1) Enghvang Lhungrub, (2) Lobsang Śirab, (3) Jimba, and (4) Biligtu Tüšimel Janggi Čoγtu.

The Vikrama stories, as told to king Bhoja, could have been composed only after the illustrious Bhoja of the eleventh century A.D. While all published and available Indian versions are either Śaiva, Vaiṣṇava or Jaina, a Buddhist version would have been most welcome. One would expect a Buddhist version to have been cast in a Buddhist region, probably Nepal, where Sanskrit has been combined with Buddhist faith till the present day.

This edition is designed to serve a great purpose, that of introducing Mongolian language to the Hindi speaking world. It is in fulfilment of a promise that I made to His Excellency Tseden Bal, the Prime Minister of Outer Mongolia. To him I dedicate this volume in gratitude for his many acts of kindness.

A Mongolian grammar has been added after the Hindi preface. It draws attention to the many features that are common between Hindi, Sanskrit and Mongolian.

We have also appended a table of dates showing the Bṛhaspati sixty-year

cycle and corresponding Christian dates. There are five sets of names for each year. The first set of names is constituted by a combination of five elements, fire, earth, iron, water and wood together with the names of twelve zodiac animals, hare, dragon, snake, horse, ram, ape, cock, dog, boar, mouse, ox and tiger. The second set is constituted by combining five colours, red, yellow, white, black and blue with the names of twelve zodiac animals. The third set is a translation from Tibetan into Mongolian. The fourth set are the Tibetan names, and the fifth are the Sanskrit originals, forming the basis of the third and fourth sets.

While collating the 3rd, 4th and 5th sets one is led to a few corrections. The eighth year is named *köke* "blue". It is a mistake, due to a confusion in the understanding of Tibetan. Tibetan has *dṅos. po* (pronounced *ṅoipo*) which is a correct translation of Sanskrit भाव. For" blue" the Tibetan is *sṅon.po* (pronounced *ṅompo*). The confusion is easy to understand. In place of *köke* Mongol should have *γaruγsan* or *boluγsan* (see our Mongol-Sanskrit Dictionary, 1959).

There has been an ugly cutting and mixing up of the names of 16th, 17th and 18th years. Original Sanskrit reads the 16th as चित्रभानु, 17th as सुभानु and 18th as तारण. The corresponding Mongolian names should have been *eldeb naran*, *sayin naran* and *getülgegči*. But instead of *eldeb naran* the 16th year is only *eldeb*, instead of *sayin naran* the 17th year is only *naran*, and finally, instead of simple *getülgegči* the 18th year is put down as *naran getülgegči*. The mistake had already occurred in Tibetan: *sna.chogs*, *ñi.ma*, *ñi.sgrol. byed*.

For the twentieth year, *baraši ügei* in Mongolian and *mi-zad* in Tibetan point to अव्यय in Sanskrit. Forty-sixth year in Sanskrit is परिधाविन्, while Mongolian *uγuγata bariγči* and Tibetan *yoṅs.ḥdzin* point unequivocally to परिधारिन्.

Baron A.v. Staël Holstein (Monumenta Serica, vol. I) and Kielhorn (Indian Antiquary, vol. 18) have the same list of Sanskrit names, except Kielhorn भृश्य for Holstein वृष, the 15th year.

I am grateful to my son, Dr. Lokesh Chandra, for his constant and untiring co-operation at all stages of this work which has occupied several years.

Siva-rātri,
the night of Lord Śiva
13. 2. 61

Raghu Vira

भूमिका

२४ दिसम्बर १९५५ का शीततम दिवस था। निरभ्र नीलाम्बर में भगवान् अंशुमाली सूर्यमणि के पूर्ण प्रकाशमान होते हुए भी शैत्यमात्रा का पारा शून्य से ४० अंश नीचे था। बाह्य मोंगोल राष्ट्र के प्रधानमन्त्री महामान्य श्री त्सेदेन् बाल् (=आयुष्मान् श्री) ने संसद्भवन में स्वागत किया—"शताब्दियों के पीछे भारतीय आचार्य मेरे शीत देश में पधारे हैं। एक छोटा सा उपहार स्वीकार हो, (त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये) यह आपकी वस्तु है। हमने इसको चिरकाल से स्नेह-श्रद्धापूर्वक पाला पोसा है। यह हमारी जाति का आमोद प्रमोद रहा है। हम इसे आपको अर्पित करते हैं। स्वीकार हो" और स्नेह भरे करकमलों से मेरे प्रसृत भिक्षुक हाथों में "बिर्कमिजिद् खागान् उ नाम्थार्" (विक्रमादित्यराज-चरित) प्रतिष्ठापित किया। आश्चर्यं भो आश्चर्यम्। मोंगोल तथा शिबिर (साइबीरिया) के साथ यह मेरी प्रथम भेंट।

अब मैं यह भेंट पांच वर्षों के सतत प्रयासों सहित भारत की जनता को देता हूं। जनता देखे, पढ़े, समझे और अनुभव करे। इसके अतिरिक्त भारत तथा दूरतम मोंगोल और शिबिर देश के ऐतिहासिक, धार्मिक, कलात्मक, ज्योतिषीय, आयुर्वेदीय एवं साहित्यिक सम्बन्धों पर दृष्टिपात करे और सखित्व, बन्धुता एवं ऐकात्म्य का परिचयपान करे।

ये कथाएं भारतीय मूल से ली गई हैं। भारतीय मूल किस भाषा में था, इसका रूप बौद्ध था अथवा मोंगोल लेखक ने बौद्ध रूप दिया—इत्यादि प्रश्नों का उत्तर तो मूल मिलने पर ही मिल सकता है। अभी तक जो कथाएं संस्कृत, नेवारी (नेपाल में), हिन्दी, बंगला आदि भारतीय भाषाओं में प्रकाशित हैं, वे मोंगोल अनुवाद से बहुत भिन्न हैं।

नेवारी शाखा

डेन्मार्क देश में, श्री हंस योर्गेन्-सेन् ने नेवारी भाषा की बतीस-पुत्रिका-कथा १९३९ में सम्पादन की थी। यह ग्रन्थ सर्वथा ही बौद्ध नहीं। इसका आरम्भ एवं है—"ओं श्रीगणेशाय नमः॥ पुरा पूर्बकालस। सिंहनाद पर्बतस समीपस चोङ। देश छ्-गुली दस्यं चोङ। थ्व देशया नाम श्री कण्ठपूरि धकं नाम प्रख्यान्ति याङं चोङ॥" (अर्थात् पुरा पूर्वकाल में सिंहनाद पर्वत के समीप कण्ठपुरी नाम का नगर था)। पुरा पूर्बकालस—ये दो शब्द ध्यान देने योग्य हैं। मोंगोल में भी कथा का प्रारम्भ "एर्थे उरिदु" से होता है। एर्थे=पुरा, उरिदु=पूर्बकाल। नेवारी की बतीस-पुत्रिका-कथा में स्थान स्थान पर "हरि हरि बिष्णु बिष्णु शिब शिब" यह वाक्य आता है। बुद्ध, बोधिसत्त्व, शून्यता आदि का कहीं नाम नहीं।

संस्कृत शाखाएं

संस्कृत में ये कथाएं विक्रमचरित अथवा सिंहासन-द्वात्रिंशिका आदि नामों से प्रचलित हैं। अभी तक पांच शाखाएं प्रकाशित हुई हैं। इनके प्रारम्भिक वाक्य नीचे देते हैं।

(क) दाक्षिणात्या शाखा जो सबसे अधिक प्रचलित है—

गजाननाय महते प्रत्यूह-तिमिर-च्छिदे।
अपार-करुणा-पूर-तरङ्गित-दृशे नमः॥
श्रीपुराणपुरुषं पुरातनं पद्मसंभवमुमापतिं मया।
संप्रणम्य सुभगां सरस्वतीं विक्रमार्कचरितं विरच्यते॥

पुरा कलाशशिखरमासीनं परमेश्वरं जगदम्बिका प्रणम्यावदत्।

(ख) गद्यमयी शाखा—

पुरा लङ्केश्वरभुजाकेयूरनिकषोपले।
शैले शैलेन्द्रसुतया जगदे जगदीशिता॥

(ग) संक्षिप्ता शाखा—

यं ब्रह्म वेदान्तविदो वदन्ति परं प्रधानं पुरुषं तथान्ये।
विश्वोद्गतेः कारणमीश्वरं वा तस्मै नमो विघ्नविनाशनाय॥

(घ) जैन शाखा—

अनन्तशब्दार्थगतोपयोगिनः पश्यन्ति पारं न हि यस्य योगिनः।

(ङ) वररुचि-शाखा—

नमो गुरूणां चरणाम्बुजेभ्यः।

जैन शाखा विद्यमान है, सो आश्चर्य नहीं कि बौद्ध शाखा की भी रचना हुई हो।

ये कथाएं महाराजा भोज के काल (१०१८ से १०६० ईसवी) अथवा उसके पीछे की लिखी हुई हैं, जब भारत में बौद्ध ग्रन्थों की रचना की धारा प्रायः विच्छिन्न हो चुकी थी। केवल नेपाल ही ऐसा प्रदेश है जहां वर्तमान समय तक बौद्ध धर्म तथा साहित्य चले आए हैं। सो यदि मोंगोल रूप का मूल कहीं मिलने की आशा है तो वह नेपाल में ही है। चाहे संस्कृत हो अथवा नेवारी।

मोंगोल शाखाएं

मोंगोल जातियों में सिंहासन-द्वात्रिंशिका की कथाओं के अनेक हस्तलेख और शाखाएं हैं। केवल कोपेन्-हेगेन् (डेन्मार्क) के राजकीय पुस्तकालय में ही १४ भिन्न शाखाएं हैं।

(क) जो ग्रन्थ हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं उसके मोंगोल संस्करण के पृष्ठावरण पर निम्न सूचना मुद्रित है—

"मोङ्गोल् उलुस् उन् आर्बान् नाइमादुग़ार् ओन् यिसुन् सारा दु उलाग़ान् बाग़ाथुर् ख़ोथान् दाखि मोङ्गोल् उसुग् उन् खेब्लेल् उन् ख़ोरिया दुग़ार् ११८६ ॥ बुगुदे थाबुन् मिङ्ग़ान् देब्थेर् इ खेब्लेन् ग़ार्ग़ाबाइ ॥ उने १ थोगोरिग् २ मोङ्गु ॥"

अर्थात्—मोंगोल राष्ट्र के १८वें वर्ष में नवें मास में (सितम्बर १९२९) उलाग़ान् बाग़ाथुर् (=उलान् बाथर्) नगर के मोंगोलाक्षरों के मुद्रण के बाड़े (अर्थात् मुद्रणालय) की (ग्रन्थसंख्या) ११८६ ॥ समस्त ५००० प्रतियां मुद्रण कर प्रकाशित कीं ॥ मूल्य १ थोगोरिग् २ मोङ्गु ॥ (१ थोगोरिग् लगभग १ रुपये के तुल्य है। १ मोङ्गु लगभग १ पैसे के तुल्य है। एक थोगोरिग् में १०० मोङ्गु होते हैं)

यद्यपि कथाएं भारतीय हैं और भारतीय मूल से अनुवाद की गई हैं तथापि यत्र तत्र मोंगोल वातावरण का अन्तर्निवेश किया गया है—

"मोंगोल घर जितनी बड़ी रत्नों की ढेरी लगा कर।"

"दायिछिङ उलुस्" = दायिछिङ प्रजा अर्थात् महती प्रजा।

"पैर भारी हो गये" अर्थात् गर्भवती हो गई।

"थाङ थायिसुङ राजा के नगर में।"

"चिड़िया खेल रहे थे।" चिड़िया मोंगोल खेल है।

"आकाश और भूमि कभी नहीं मिलते।" क्या यह उपमा भारतीय मूल में थी।

इस पुस्तक में ३२ में से केवल १३ पुतलियों की कथाएं हैं। कोपेन्-हेगेन् का "**मोंगोल ११७**" संख्यक हस्तलेख हमारे प्रकाशित संस्करण से बहुत मिलता है। इसका शीर्षक ध्यान देने योग्य है—"बिकर्मिजिद् ख़ाग़ान् उ थेरिगुन् देब्थेर् उलिगेर्" अर्थात् राजा विक्रमादित्य की प्रथम भाग की कथाएं। इससे स्पष्ट है कि १३ से आगे की कथाएं दूसरे अथवा दूसरे और तीसरे भाग में होंगी।

(ख) श्री मोस्तेर्त ने ओर्दो मोंगोल की आराजि-बोजि-कथाएं प्रकाशित की हैं। श्री मोस्तेर्त ने इनका फ्रांसीय भाषा में अनुवाद भी प्रकाशित किया है—**Monumenta Serica**, भाग १ तथा ११, पेकिंग १९३७, १९४७; **Folklore Ordos, Textes Oraux Ordos.**

(ग) आराजि बोजि की कथाओं का एक और भी बृहत्संग्रह विद्यमान है। इसमें राजा भोज के स्थान में राजा कृष्ण का नाम है। इनका प्रकाशन आभ्यन्तर मोंगोल में हुआ है। आवरण-पृष्ठों पर निम्न सूचना है—

"गुछिन् ख़ोयार् मोदुन् खुमुन् उ उलिगेर् ॥

"खेब्लेखुलुग्सेन् नि—ओबुर् मोङ्गोल् उन् आराद् उन् खेब्लेल् उन् ख़ोरिया ॥

"खेब्लेग्सेन् नि—छिग़ुलुल्थु ख़ाग़ाल्ग़ा यिन् एदुर् उन् सोनिन् उ खेब्लेखु उइलेद्बुरि ॥

"थार्खागासान् नि—ओबुर् मोङगोल् उन् शिन् खुवा नोम् उन् देल्गेगुर् ॥
"१६५८ ओन् उ ६ सारा थु छिगुलुल्थु खागाल्गा खोथाना आङसथुगार् खेब्लेल् उन् खोयादुगार् दारुमाल् ४००१—१२००० ॥
"उने ५५ मोङ्गु ॥"

अर्थात्—३२ पुतलियों की कथाएं ॥
प्रकाशक—आभ्यन्तर मोंगोल का जनता-मुद्रणालय ॥
मुद्रक—छिगुलुल्थु खागाल्गा (नगर) का दैनिक-समाचार-मुद्रण-कार्यालय ॥
प्रसारक—आभ्यन्तर मोंगोल का शिन् खुवा (=नवपुष्प) पुस्तक-भण्डार ॥
१६५८ वर्ष के नवम मास में छिगुलुल्थु खागाल्गा नगर में प्रथम संस्करण का दूसरा मुद्रण ४००१—१२००० ॥
मूल्य ५५ मोङ्गु ॥

इसकी ५ कथाएं श्री लाउफ़र् ने जर्मन भाषा में अनुवाद की हैं—**Zeitschrift der Deutschen Morgenländischen Gesellschaft**, भाग ५२, पृष्ठ २८३, **B. Laufer, Fünf Indische Fabeln aus dem Mongolischen.**

इसमें ३२ कथाध्याय हैं। प्रत्येक अध्याय में दो २ कथाएं हैं। इसका आरम्भ इस प्रकार है—
"प्रकाशक की भूमिका (खेब्लेन् नेयिथेलेग्छि एछे)—अयुत-भोगवान् (थुमेन् जिर्गुलाङ थु) कृष्णराज-स्वर्णामन-प्राप्ति-जातक नाम की पुस्तक को भगराज (मोंगोल में—बागाखान्) पंडित ने भारतीय भाषा से मोंगोल-भाषा में १६६८ (१६८६ चाहिये) वर्ष में गुर्बान् सायिखान् नामक स्थान में अनुवाद कर पूरा किया ॥
"मूल प्रारम्भिक शब्द—प्राचीन असंख्य कल्पों (असङकि ग़लब्) से विक्रमादित्य बोधिसत्त्व राजा और अयुत-भोगवान् कृष्ण बुद्ध, इन दोनों की पूर्ण अर्थवती कथा की ओर, प्रभु छिङगिस् खागान् के वंश से जन्म लिये, दान-भक्ति-शान्ति-श्री-संयोग-सम्पन्न जासाग् छोयिबाल् एर्देनि दायिछिङ नोयान्, इस दिशा के देश में ३२-काष्ठपुरुष-स्वर्णासन-कथा के अभाव के कारण, महती आवश्यकता कह कर प्रेरणोन्मुख हुए ॥
"सुमेरु पर्वत के सामने की दिशा में, जम्बुद्वीप की नाभि के मध्य में, शाक्यमुनि की जन्मभूमि, भारत की गंगा नदी पर वाराणसी-नगर-निवासी महाब्राह्मण (मोंगोल में—महाब्रह्म) के समस्त शास्त्र शुद्ध परम्परागत शशी (मोंगोल में—साशि) पंडित के भगराज पंडित ने, भारतीय भाषा से मोंगोल भाषा में अग्नि-शार्दूल वर्ष (अर्थात् १६८६) के ग्रीष्म के अन्तिम मेष मास की अष्टादशी, ग्रह बृहस्पति, ज्योतिष नक्षत्र के अनुसार वृषभाधिष्ठित दिन को, गुर्बान् सायिखान् नामक स्थान में अनुवाद किया। अनुवाद किये हुए को लिपिकार भिक्षु गेलुङ एङह्लाङ ल्ह्ङरब्, गेलुङ

लोब्साङ शिराब्, बन्दि जिम्बा, बिलिग्थु थुशिमेल् जाङ्ग्रि छोग्थु इत्यादि ने लिखा ।।

"कृष्णराजा का अध्याय—ओं श्री स्वस्ति मङ्गलम् । प्राचीन काल में सुमेरुपर्वत के होने से पूर्व, भारत देश में यमुना नाम की नदी पर वैशाली नगर में अयुत-भोगवान् कृष्ण नामक राजा कुशल मंगल से रहते थे। उस राजा की गोपीजन (मोंगोल में—गोबिजिन्), राधा और रुक्मिणी (मोंगोल में—उर्कुम्जि) नामक तीन रानियां थीं।"

(घ) सिंहासन-द्वात्रिंशिका के अतिरिक्त राजा विक्रमादित्य की जीवनकथा "एनेद्खेग् उन् ग़ाजार् उन् बिकर्मिजिद् ख़ाग़ान् उन् थुग़ुजि ओरुशिबा" उलान् बाथर् में १६२४ में प्रकाशित हुई थी। इसमें बाल्यकाल से ८० वर्ष की आयु तक मृत्युपर्यन्त राजा विक्रमादित्य की जीवनकथा है। इसमें भी ३२ अध्याय हैं। किन्तु इसमें कहानियां सुनाने का काम पुतलियां नहीं करतीं। विक्रमादित्य की मृत्यु के पश्चात् इन्द्र भगवान् सिंहासन की रक्षा का प्रबन्ध करते हैं और सिंहासन पर ३२ पुतलियां बिठा देते हैं। प्रयोजन यह कि भविष्य में जो कोई इस सिंहासन पर बैठना चाहे उसको ये पुतलियां विक्रमादित्य का चरित सुनाएं ।।

मोंगोल में भारतीय शब्द

इस पुस्तक में अनेक नाम आते हैं, राजाओं के, रानियों के, राककुमारों के, मन्त्रियों के। इसी प्रकार नगरों और पहाड़ों आदि के, कुछ नाम संस्कृत के हैं, जो मोंगोल उच्चारण में विकृत हो गए हैं। कुछ नाम अनुवाद के रूप में हैं। चीनी, भोट (तिब्बत की भाषा), मोंगोल और मंजु (मंचूरिया की भाषा), इन चार भाषाओं का यह सामान्य नियम था कि वैयक्तिक और भौगोलिक नामों का भी अपनी भाषा में अर्थानुसार रूपान्तर कर लेते थे। केवल कहीं कहीं संस्कृत नाम रख छोड़ते थे। चीनी और भोट की अपेक्षा मोंगोल में संस्कृत नाम अधिक मिलते हैं। एक प्रकार से यह आश्चर्य है। मोंगोल भाषा में संस्कृत के शब्द मध्य एशिया और तुर्की भाषा द्वारा गए हैं। मोंगोल लिपि भी वीगूर अथवा तुर्की लिपि का एक रूप है। इस्लाम के पूर्व मध्य एशिया की अनेक तुर्क जातियां बौद्ध थीं।

मोंगोल में लिखे भारतीय नामों को पहचानने के लिये हम सामान्य मोंगोल वर्णमाला का वर्णन देते हैं।

ह्रस्व और दीर्घ स्वरों का भेद नहीं। प्रायः ह्रस्व स्वर लिखते हैं किन्तु उच्चारण कहीं ह्रस्व कहीं दीर्घ करते हैं। देवनागरी लिप्यन्तर में दीर्घ आ लिखा गया है किन्तु दूसरे स्वरों में ह्रस्व लिखा है।

संस्कृत शब्दों के अन्तिम अ को कई बार इ कर देते हैं। जैसे भोज के स्थान में बोजि। एवं जालि (जाल), एर्देनि (रत्न), खिनारि (किन्नर), आसुरि (असुर)।

ए ऐ का भेद नहीं। कई परिस्थितियों में अ और ए का भी भेद नहीं। यदि शब्द के

आरम्भ में ए हो तो उसी शब्द के मध्य और अन्त में आने वाले अ को भी ए ही पढ़ते हैं। संस्कृत ए के स्थान में इ भी आ जाता है अथवा इ के स्थान में ए।

उ ओ औ लिखने में प्रायः भेद नहीं। औ बताने के लिए कभी २ दो ओ लिख देते हैं।

क ख ग घ के लिए दो ही चिह्न हैं। इनमें से एक को प्रायः ख अथवा ग और दूसरे को ख़ अथवा ग़ पढ़ते हैं।

संस्कृत ह के लिए ख़ अथवा ग़ का प्रयोग कर लेते हैं। संस्कृत ह के लिए अलग अक्षर भी है। उसका प्रयोग मंत्रों के लिखने में होता है। भोट तथा अन्य विदेशी शब्दों के लिए भी उस ह का प्रयोग कर लेते हैं। ङ के लिए अलग रूप है।

च और छ के लिए एक ही रूप है। इसको ज भी पढ़ लेते हैं। आद्य य को भी ज पढ़ लेते हैं। कई स्थानों में य और इ में भेद करना सम्भव नहीं होता।

टवर्ग नहीं।

संस्कृत त थ द ध के लिए एक ही अक्षर से काम चला लेते हैं। मूर्धन्य और दन्त्य अनुनासिकों के स्थान में केवल एक न है।

प्रायः प ब मे भेद नहीं कर सकते। प फ ब भ, इन चारों के लिए एक ही अक्षर आता है। व के लिए उआ, ओआ, उवा भी लिख देते हैं। बोदिसदुआ = बोधिसत्त्व।

श ष स में सदा भेद नहीं करते ॥

राजाओं के नामों में से भोज और विक्रमादित्य तो पुस्तक के शीर्षक में ही निहित हैं। ग़ालिरुबा और गलिङ्दर—ये कालरूप और कलिङ्गधर स्पष्ट हैं। उदयन स्पष्टतम है। ख़लश—यह कलश प्रतीत होता है किन्तु निश्चय करना अभी सम्भव नहीं। शक्तिशाली शक महाराजा के लिए अनुवाद-पद छिदाग़्छि (= शक) आया है। अन्य राजाओं के नाम हैं—छोग़्यु इलाग़ुसान् = श्री-विजयी। गेरेल् उन् दुवाछा = प्रभाध्वज। शाशिन् देल्गेरेग्मेन् = धर्मविपुल। शाशिन् इ एदेलेग्छि = धर्माचार।

ओग्यु छिखि थु राजकुमार का नाम है। इसका संस्कृत रूप हरिताश्मकर्ण हो सकता है। सारान् और ख़ारा मन्त्रियों के नाम है। सारान् का अर्थ चन्द्र और ख़ारा का अर्थ कृष्ण है। ग़ाल्बामा का मूल रूप कालपाश अथवा कलभाष हो सकता है।

बुद्ध का सामान्य नाम बुर्ख़ान् है। बुर्ख़ान् "बुद्ध ख़ागान्" से बना है। ख़ागान् का अर्थ है राजा। ख़ागान् का संक्षिप्त रूप ख़ान् बन गया। पठानों के नामों में ख़ान् अभी तक प्रचलित है। ख़ान् मोंगोल शब्द है, अरबी अथवा फ़ारसी का नहीं। गौतम भी दो तीन बार आया है। इसका मोंगोल उच्चारण है—ग़ोदाम्, ग़ोओदाम्। अमिताभ के लिए आबिदा है तथा शाक्यमुनि के स्थान में साग्यमुनि। विपश्यी के स्थान में बिब्शि।

एक कुमार का नाम थुसा बुथु गेग्छि आया है। यह सिद्धार्थ का अनुवाद प्रतीत होता है। योग नाम स्पष्ट ही है।

विश्वकर्मा का लिप्यन्तर बिशिउगाराम् है। तथा सुखावती का सुगावादि और राजगृह का रान्छागाराग्। मोंगोल और रूसी आदि भाषाओं में ह के लिये ग़ लिखना सामान्य नियम है। थुशिद्= तुषित (लोक)। जाद् बाबु ताद् बाबु=यद् भावि तद् भावि। छासु थु आग़ुला—यह हिमाचल का अनुवाद है, हिमालय का नहीं। आयुशि (=आयुष) एक नरक का नाम है। एर्देनि जिरुखेन्=रत्नगर्भ, पर्वत का नाम है। खोसेल् खानुग़सान् एक सरोवर का नाम है। इसका मूल भारतीय नाम पूर्णकाम हो सकता है। किन्नर और गन्धर्व के मोंगोल रूप खिनारि तथा ग़ङ्दर्ब हैं। ऋषि के लिए अर्शि रूप आता है। ब्राह्मण के लिए बिर्मान्। अवधूत के लिए आवादुदि। आचार्य के लिए आजार्।

भारत का सामान्य मोंगोल नाम एनेद्खेग् है। इसका सम्बन्ध सिन्धु, हिन्दु, इन्दु से प्रतीत होता है। जम्बुद्वीप (छाम्बुदिब्) शब्द भी बारबार आता है। इस पुस्तक में भारत के सम्बन्ध में एक दो बातें लिखी हैं। उनको यहां देते हैं—

> "भारतवर्ष में भेड़िए के बच्चे को शाल्‌ु कहते हैं" (पृष्ट ६१)। पृष्ठ १६० में शालु शब्द का प्रयोग भेड़िए के लिए भी किया गया है। यह बात अन्वेषण करने योग्य है कि भारत की किस भाषा में शालु का अर्थ भेड़िया, भेड़िए का बच्चा अथवा भेड़िए द्वारा पाला हुआ मनुष्य का बच्चा है। पृष्ठ २७१ में लिखा है कि भारत देश से सात आचार्य चलते २ वहां पहुंचे। पृष्ठ २७२ पर लिखा है कि इन सात आचार्यों ने कहा कि भारतवर्ष में विहार और चैत्य नष्ट हो गए, इस कारण हम दान मांगने आए हैं।

शाक्यमुनि के समान छिन्दाम्रनि रूप है। इसका अर्थ है चिन्तामणि। इसको छिन्दामुनि एर्देनि (चिन्तामणिरत्न) भी कहा गया है। आमुरि असुर के लिए आया है। दाखिनि=डाकिनि अच्छे और बुरे दोनों ही अर्थों में विद्यमान है।

वनस्पति जगत् में से जन्दन्=चन्दन, थाला=तालवृक्ष, बाद्मा=पद्म, देल्=तिल उल्लेखनीय हैं। सुगन्धियों में से गुगुल्=हिन्दी गूगुल, संस्कृत गुग्गुलु।

समयवाची शब्दों में से एक ओर गाल्बा=कल्प और दूसरी ओर ग्शिन्=क्षण। दक्षिण दिशा के साथ मलाया=मलय शब्द आया है।

पक्षियों में से ग़लिबङ्ग=कलविङ्क आया है। इसके साथ थोथि शब्द उल्लेखनीय है। यह मोंगोल शब्द है और भारतवर्ष में इसका प्रचार तोता के रूप में हुआ है। और भी अनेक शब्द हैं जो भारत में प्रचलित हुए हैं। जैसे माल (पशु तथा धन), बाग़ाथुर्=बहादुर (शूरवीर), एल्छि (दूत)।

अब कुछ और भारतीय शब्द देते हैं—

बोदि=बोधि। शास्थिर्=शास्त्र। उबादिस्=उपदेश,मन्त्र। थार्नि=धारणी। थार्निदाजु=धारणी पढ़ कर अर्थात् मंत्र फूंक कर। शिलुग्=श्लोक। राशियान्=रसायन अर्थात् अमृत। रिदि=ऋद्धि। मान्दाल्=मण्डल। निर्वान्=निर्वाण। जालि=जाल, माया। शाशिन्=शासन अर्थात् धर्म। शा-

ग़शाबाद्=शिक्षापद। थिब्=द्वीप। आराजि=राजा। छाम्=ध्यान। बादार्=पात्र अर्थात् भिक्षा। व्छिर=वज्र।

खोर्मुस्दा=शतक्रतु। खोर्मुस्दा पुरानी फ़ारसी का अहुर्मज़्दा (= असुर महत्) है। मुङ्ख्ला-रामुइ=मोहयुक्त हो जाती हैं (मुङ्ख्ला=मोह)। लाग्शान्=लक्षण।

मोंगोल जाति यायावर (nomad) है। मोंगोल घरों में नहीं रहते, नमदे के बने हुए तम्बुओं में रहते हैं। इनको मोंगोल में गेर् कहते हैं। गेर् का घर शब्द से ध्वन्यात्मक गाढ सामीप्य है॥

मोंगोल वाक्यरचना

हिन्दी तथा मोंगोल वाक्यरचना में बहुत साम्य है। यह साम्य तब स्पष्ट होता है जब हम मोंगोल वाक्य के नीचे आंगल तथा हिन्दी दोनों भाषाओं के अनुवाद रखें और तुलना करें।

एनेद्खेग्	उन्	ओरोन्	दुर्	आराजि	बोजि	नेरे	थु	निगेन्	येखे	खाग़ान्	बुलुगे।
भारत	के	देश	में	राजा	भोज	नाम	वाले	एक	महान्	राजा	थे।
India	of	land	in	king	Bhoja	name	possessing	one	great	king	was.

वाक्यांशों में अद्भुत समानता है—

१. निगेन् आदालि
एक समान
one like (=exactly alike)

२. निगे निगे बेर्
एक एक से (संस्कृत में भी तृतीया विभक्ति—एकैकेन) अर्थात् एक एक करके
one one by (=one by one)

३. गेर् गेर् थुर्
घर घर में
house house in (=in each and every house)

४: याबुजु खुरुगेद्
जा पहुंचे
going arrived (=arrived)

जा पहुंचे—इसके समान दो २ क्रियाओं का प्रयोग मोंगोल में बहुत है। यदि पाठक वर्ग चाहेंगे तो इस पुस्तक में से महती सूची बना सकेंगे॥

आराजि बोजि का भोटानुवाद

भोटानुवादक ने ग्रन्थ का आरम्भ इस प्रकार किया है—

"मञ्जुघोषगुरवे नमः। वे सर्व देश काल में हम पर कृपा करें। प्राचीन काल में त्रयस्त्रिंश स्वर्ग में

देवेन्द्र शतक्रतु ने स्वर्गलोक के कलाकार को नाना रत्नमय आसन बनाने का आदेश दिया। विश्वकर्मा बनाने लगे। प्रतिदिन उनकी पत्नी काष्ठपुत्तलिका बनाकर उसके हाथ भोजन भेजने लगी। प्रतिदिन विश्वकर्मा पुत्तलिका को सिंहासन के पांव में जड़ देते। एवं ३२ दिन में ३२ पांवों में एक एक पुत्तलिका जड़ी गई।

"शतक्रतु के वंश में पाल राजा हुए। उसके पश्चात् ३२ पाद स्वर्गासन विक्रमादित्य का हो गया। विक्रमादित्य महाराज महासम्मत तथा महारानी लक्ष्मी के पुत्र थे। विक्रमादित्य सिंहासन पर दो जन्म तक बैठे। यह आसन इन्द्र ने अपनी कन्या सहित विक्रमादित्य को दिया था और कहा था—जम्बुद्वीप में ले जाओ और प्राणिमात्र का हित करो। पीछे जा कर यह आसन भारत की विशाल भूमि पर राजा भोज को प्राप्त हुआ। उन्होंने इस पर बैठना चाहा पर १३ पुतलियों ने रोका और बैठने नहीं दिया।

"तत्पश्चात् प्रकाश से उत्पन्न, अवतार, बलशाली महाराज कृष्ण हुआ जो यमुना के तट पर स्थित महानगर गोकुल में राज्य करता था। उसके मन्त्री गज (अथवा हस्ती) ने बच्चों को खेलते देख कर अपने राजा से निवेदन किया। राजा को आसन पर बैठने का विचार हुआ। मन्त्रियों से पुतलियों की बात हुई।

"उत्तर के प्राणिमात्र के नाथ धर्मसूर्य के उज्ज्वल करने वाले, जेब्छुन् लोत्साङ दम्बा के जीवन-काल (१६३५–१७२३) में भारत से पंडित आचार्य भगराज आए। उन्होंने जेब्छुन् दम्बा को ३२ पुतलियों की कथा भारतीय भाषा से मोंगोल में अनुवाद करके सुनाई।

"यह बात जेब्छुन् दम्बा की मोंगोल भाषाकृत जीवनी में लिखी है। इन कथाओं का भोट में अनुवाद नहीं है, यह विचार कर मोंगोल से भोट में अनुवाद कर रहे हैं॥"

* * *

इस पुस्तक का प्रकाशन उत्तरप्रदेश के मुख्यमन्त्री डॉ. श्री सम्पूर्णानन्द जी के सौजन्य तथा औदार्य से प्रारम्भ हुआ। आपने शासन की ओर से एक तिहाई व्यय अनुदान के रूप में दिया। शेष की पूर्ति श्री जयदेव जी डालमिया ने की। मैं दोनों महानुभावों का परम कृतज्ञ हूं।

मोंगोल के पश्चात् भोटानुवाद संनिर्विष्ट करने का प्रस्ताव मेरे सुपुत्र डॉ. लोकेशचन्द्र का है। उन्होंने ही भोट के ईक्ष्य पढ़े हैं। सामान्यरूप से मुद्रण तथा प्रकाशन के सभी प्रक्रमों में इनका सहयोग रहा है।

यह पहला मोंगोल ग्रन्थ है जो व्याकरण, नागरी लिप्यन्तर, शब्दानुवाद तथा वाक्यानुवाद सहित हिन्दी में प्रस्तुत किया जा रहा है। जो सज्जन मोंगोल सीखने के इच्छुक होंगे, उनके लिए यह सहायक होगा। भारत तथा मोंगोल देशों के प्राचीन सांस्कृतिक सम्बन्धों का पुनर्नवीकरण अपरिहार्य है। दो वर्ष हुए हमने मोंगोल-संस्कृत संस्कृत-मोंगोल शब्दाभिधान विद्वज्जगत् को अर्पित किया था। अब यह हमारा दूसरा पुरस्कार है। अपनी दासता की निरन्तर शताब्दियों में भारत अपने सखा बन्धु तथा शिष्यों को भुला बैठा है। अब स्वतन्त्रता का युग उदित हुआ है। सो यह स्वाभाविक है कि हम अपनी स्मृति को नव जीवन दें॥

रघुवीर

मोंगोल-भाषा का व्याकरण

रचयिता

आचार्य रघुवीर

किञ्चित् प्रास्ताविकम्

मोंगोल नाम के आज दो देश हैं। एक आभ्यन्तर मोंगोल के नाम से प्रसिद्ध है और दूसरा बाह्य मोंगोल के नाम से। आभ्यन्तर मोंगोल चीन का प्रान्त है। बाह्य मोंगोल स्वतन्त्र है। इसका अपना नाम—बुगुदे नाइराम्दाखु मोंग़ोल् आराद् उलुस्। बुगुदे का अर्थ सर्व, नाइराम्दाखु का अर्थ संयुक्त, आराद् का अर्थ जाति और उलुस् का अर्थ राष्ट्र अथवा राज्य है। बाह्य मोंगोल का क्षेत्रफल ६ लाख वर्गमील से ऊपर है। यद्यपि देश विशाल है किन्तु जनसंख्या बहुत थोड़ी है। केवल दस लाख अर्थात् दिल्ली की जनसंख्या से भी आधी। बाह्य मोंगोल रूस और चीन के बीच स्थित है। यहां १९२४ में साम्यवादी शासन की स्थापना हुई थी। आभ्यन्तर और बाह्य मोंगोल में निवास करने वाली विभिन्न मोंगोल जातियों का महायान बौद्ध धर्म है। बौद्ध धर्म के कारण इनकी भाषा और साहित्य में बौद्ध शब्दों और विचारों की भरमार है।

मोंगोल में अनेक उपभाषाएं मिलती हैं। इनमें से सबसे बड़ी और महत्त्वपूर्ण खाल्खा, बुर्यात और खाल्मुख हैं। इन्ही तीनों उपभाषाओं में साहित्य है। खाल्खा बाह्य मोंगोल की भाषा। बुर्यात बाह्य मोंगोल से ऊपर बैकाल झील के पश्चिमोत्तर और पूर्वदक्षिणा के बुर्यात राज्य की भाषा है। ये शिबिर प्रदेश के मध्य में स्थित है। शिबिर, जो यहां का स्वदेशी नाम है वह अंग्रेजी में साइबीरिया उच्चारण किया जाना है। शिबिर शब्द का अर्थ संस्कृत में तम्बू है। मोंगोल जातियां तम्बुओं में रहती हैं।

खाल्मुख भाषी वोल्गा नदी के तट पर और काश्यप समुद्र (Caspian sea) के पश्चिमोत्तर तट पर द्वितीय महायुद्ध तक निवास करते थे। यहां पर ही खाल्मुख गणराज्य था।

इनके अतिरिक्त आभ्यन्तर मोंगोल में छाहार और ओर्दोस उपभाषाएं चलती हैं। चीन, मध्य एशिया तथा अफ़ग़ानिस्तान में भी मोंगोल उपभाषाएं बोलने वालों की बस्तियां हैं।

जिस भाषा का व्याकरण हम उपस्थित कर रहे है वह साहित्यिक मोंगोल है। यह साहित्य संसार के महान् साहित्यों में से है। इस साहित्य का सर्वश्रेष्ठ और विशालतम संग्रह कंजूर और तंजूर के नाम से प्रसिद्ध है। यह साहित्य भारत, भोट और मोंगोल के ऐतिहासिक सम्पर्क और सहयोग का परिणाम है। मोंगोल जातियों के इतिहास और विकास को समझने के लिए इस साहित्य का अध्ययन परम आवश्यक है। भारतवर्ष के बाहर उत्तर की ओर चार विशाल सम्पूर्ण बौद्ध साहित्यसंग्रह हैं। सर्वप्रथम चीनी, तत्पश्चात् भोट (तिब्बती), तत्पश्चात् मोंगोल, तत्पश्चात् मंजु (Manchurian)। इनके साथ साथ शीश्या और वीगूर के साहित्य भी थे। किन्तु अब वे खण्डों में उपलब्ध हैं। मंजु के

कंजूर और तंजूर भी आज कहीं पूरे उपलब्ध नहीं।

भारतवर्ष की दृष्टि से मोंगोल जातियों, उनके देश, भाषा और साहित्य का इतिहास बहुत प्राचीन नहीं। विक्रम संवत् १२६३ में छिङ्गिस् खान् का अभिषेक हुआ। उन्होंने छोटी छोटी तुर्की और मोंगोल जातियों को, जो सदा से आपस में लड़तो भिड़ती आई थीं, अपने बाहुबल और संगठन से एक छत्र के नीचे खड़ा किया। मोंगोल विश्व की महती विजयिनी शक्ति बन गए। छिङ्गिस् तथा उसके उत्तराधिकारी पुत्र ओगेदेइ ने एशिया और यूरोप के अधिकांश भागों को पददलित किया। यूरोप कांप उठा। मोंगोल योद्धा और उनके घोड़े अदम्य थे। किन्तु १२९८ विक्रम संवत् में जब ओगेदेइ का देहान्त हुआ, मोंगोल सेनाएं यूरोप से लौटीं। मोंगोल सामन्तों में सम्राट् बनने की स्पर्धा, साम्राज्य प्रतिष्ठापन और संधारण की अपेक्षा कहीं अधिक बलवती थी।

कुछ वर्ष पीछे खुबिलाइ खान् ने चीन में प्रथम मोंगोल वंश की स्थापना की (विक्रम संवत् १३१७)। खुबिलाइ खान् बौद्ध थे। इनसे पूर्व ही मोंगोल जातियों में बौद्ध धर्म का प्रवेश हो चुका था। किन्तु पूर्णरूप से बद्धमूल होने के लिए बौद्ध धर्म को विक्रम सं० १६३४ तक प्रयास करना पड़ा। तत्पश्चात् धर्म की गति शीघ्रता से हुई। धर्मभक्त, साहित्यप्रिय सम्राट् लेग्दान् खान् (१६६१–१६९१ विक्रम संवत्) ने मोंगोल कञ्जूर के निर्माण का कार्य प्रारम्भ कराया। लगभग एक शताब्दी के पश्चात् अर्थात् संवत् १७७७ में सम्पूर्ण कञ्जूर का पेकिंग में प्रकाशन हुआ। २० वर्ष व्यतीत होने पर तंजूर का कार्य आरम्भ हुआ और ८, ९ वर्ष में ही सम्पूर्ण तञ्जूर का संवत् १८०६ में पेकिंग से प्रकाशन हुआ।

कञ्जूर की भाषा साहित्यिक मोंगोल का आधार है। वही भाषा थोड़े बहुत परिवर्तनों के साथ आज तक चली आ रही है।

कञ्जूर से पूर्व मोंगोल साहित्य नगण्य है। मोंगोल का सर्वप्रथम ग्रन्थ "मोंगोलुन् निगुछा थोब्छा-ग़ान्" अर्थात् मोंगोलों का निगूढ ऐतिह्य है। यह १३वीं शताब्दी में रचा गया। यह वास्तव में बौद्ध धर्म का इतिहास है।

मोंगोल साहित्य का सुवर्णयुग १७, १८ और १९ वीं शताब्दियां हैं।

मोंगोल जातियों द्वारा बौद्ध धर्म तथा साहित्य मञ्जु (Manchuria) से वोल्गा नदी तक पहुंचा। मोंगोलों ने शिबिर (Siberia) में भी पताकाएं लहराईं॥

* * *

हमारा प्रयास है कि भारतीय विद्यार्थी मोंगोल भाषा में प्रवेश करने में न्यूनातिन्यून कठिनाई का सामना करें। इस दृष्टि से हमने अपने और अपने शिष्यों के अनुभव से यह आवश्यक समझा कि मोंगोल लिपि का परिचय तो पहिले पाठ से करा देवें किन्तु उसका भार नव शिशिक्षु पर न डालें। अतः व्याकरण में आदि से अन्त तक मोंगोल शब्द नागरी लिपि में ही दिए गए हैं।

मोंगोल व्याकरण में संस्कृत, हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के साथ इतनी समानताएं हैं कि

आश्चर्य होता है, प्रसन्नता होती है और सीखने में सुविधा भी पड़ती है। इन समानताओं का निर्देश हमने स्थान २ पर किया है।

मोंगोल आल्थाइ परिवार की भाषा है। इस परिवार में तुर्की और मञ्जु भाषाएं सम्मिलित हैं। मोंगोल भाषा में उपसर्ग नहीं होते। प्रत्ययों की संख्या बहुत बड़ी है। संस्कृत के समान सात विभक्तियां हैं। संस्कृत के समान लम्बे लम्बे वाक्यों की रचना मोंगोल साहित्यिक भाषा का अलङ्कार है।

मोंगोल राष्ट्र के उपप्रधानमन्त्री श्री जग्वाल तथा राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य मोंगोल मित्रों का आग्रह रहा है कि भारत और मोंगोल को पुनरपि एक दूसरे के समीप आना चाहिए। मोंगोल देश में बच्चा बच्चा जम्बुद्वीप की कहानियों को जानता है।

अभी तक मोंगोल देश का सम्बन्ध केवल रूस और चीन के साथ था। अब भारतवर्ष के साथ जुड़ने लगा है। इससे उनके हृदय में नया उल्लास और स्फूर्ति जागृत हुई है। यह उल्लास और स्फूर्ति भारत की जनता में भी मोंगोल के लिए जागृत हो, भारतीय जनता अपने प्राचीन सम्बन्धों को जानने में समर्थ हो और उसके आधार पर वर्तमान और भविष्य सम्बन्धों को बढ़ाने के लिए उत्साहित हो—इस भावना को ले कर यह सूत्रपात किया गया है। हमारे विश्वविद्यालयों में इसका प्रवेश हो, हमारे ऐतिहासिकों का क्षितिज विस्तृत हो। हम साक्षात् दर्शन करें उन सीमाओं का जो भारत की परतन्त्रता और दीन हीन अवस्था की शताब्दियों में दनदनाती हुई आगे बढ़ती जा रही थीं। ये धर्म की, कहानियों की तथा सामान्य जीवनदर्शन की सीमाएं हैं जिनको मोंगोल जातियों ने बांधा था। भारत अशक्त पड़ा हुआ था। न क्षात्र बल था, न ब्राह्म तेज, न वैश्यों के उत्साही साहसी सार्थवाह जो देशदेशान्तरों में अपना संदेश पहुंचाते। १७,१८,१९वीं शताब्दियों में जब अंग्रेजों ने भारत को नीचे दबाया हुआ था उन्हीं शताब्दियों में मोंगोल जातियों ने प्रशान्त महासागर से वोल्गा और काश्यपसागर तक के हिमाच्छादित जंगलों, मरुस्थलों और घासभूमियों को "आगच्छ आगच्छ भगवति मामभिलम्भ स्वाहा" ऐसे २ सहस्रों मन्त्रों से गुंजाया था॥

रघुवीर

प्रथम पाठ—स्वर

मोंगोल भाषा में सात स्वर हैं। आ इ उ उॖ ए ओ ओॖ। इनका क्रम नागरी से भिन्न है। प्रत्येक स्वर के तीन रूप हैं—आदि, मध्य तथा अवसान।

	आदिरूप	मध्यरूप	अवसानरूप
आ			
ए			
इ			
उ, ओ			
उॖ, ओॖ			

उच्चारण

लिखित भाषा में ह्रस्व तथा दीर्घ का भेद नही दिखाया जाता।

आ विवृत उच्चारण का द्योतक है, दीर्घत्व का नहीं। इसी प्रकार ए ओ ओॖ, जो संस्कृत में दीर्घ माने जाते है, वे मोंगोल में कभी ह्रस्व तथा कभी दीर्घ उच्चारण किये जाते हैं।

यद्यपि देवनागरी में हमने ह्रस्व इ उ उॖ का प्रयोग किया है, उच्चारणावस्था में वे कभी ह्रस्व तथा कभी दीर्घ होते हैं।

इया इये में आ तथा ए सदा दीर्घ उच्चारण होते हैं। आग़ा आगु एगे एगु में द्वितीय स्वर आ उ ए उॖ सदा दीर्घ बोले जाते हैं।

दीर्घ स्वर का निर्देश करने के लिये मोंगोल लिपि में कभी २ स्वर दो बार लिखा जाता है—बुउ (तोप)=बू। यह निर्देश विरले शब्दों में किया जाता है।

उॖ तथा ओॖ का उच्चारण विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है। ये तालव्य उ ओ कहे जा सकते हैं। जिह्वा को इ की स्थिति अर्थात् तालु में रख कर ओष्ठों को उ की स्थिति में रखने अर्थात् गोल करने से उॖ की ध्वनि बनती है। इसी प्रकार जिह्वा को ए की स्थिति में तथा ओष्ठों को ओ की स्थिति में रखने से ओॖ की ध्वनि बनती है।

ओ का उच्चारण कभी सामान्य हिन्दी ओ और कभी हिन्दी "और" में आने वाली विवृत ऑ ध्वनि के समान होता है।

सन्ध्यक्षर आकारान्त, इकारान्त, उकारान्त, ुउकारान्त होते हैं।

उआ में आ का उच्चारण दीर्घ तथा उ का ह्रस्व होता है। ग़ुआ (सुन्दरी)।

आइ उइ ुउइ एइ ओइ में इ का उच्चारण ह्रस्व तथा पूर्ववर्ती आ उ ुउ ए ओ का दीर्घ होता है। नोख़ाइ (कुत्ता)। ख़ाराङग़ुइ (अन्धेरा)। थेदुइ (इतना)। मेनेखेइ (मेंडक)। शिरोइ (मिट्टी)।

आउ एुउ में उ तथा ुउ का उच्चारण दीर्घ होता है। थाउलाइ (शश)। थेुउखे (इतिहास)॥

स्वरसाहचर्य

आ उ ओ पृष्ठ्य स्वर कहलाते हैं। ुउ ए ओ̤ अग्र्य स्वर कहलाते हैं।

प्राचीन काल में इ के दो रूप थे, एक पृष्ठ्य एक अग्र्य। अब केवल एक ही रूप है।

यदि किसी शब्द में प्रथम स्वर पृष्ठ्य हो तो शेष स्वर भी पृष्ठ्य ही होंगे। आख़ा (बड़ा भाई)। ख़ोला (दूर)।

यदि प्रथम स्वर अग्र्य हो तो शेष स्वर अग्र्य होंगे। एने (यह)। ुउनेन् (सत्य)। पृष्ठ्य तथा अग्र्य स्वरों का एक ही मोंगोल शब्द में आना सम्भव नहीं।

इ पृष्ठ्य तथा अग्र्य दोनों के साथ आ सकता है। ख़ोरिन् (बीस)। ुउनिये (गौ)।

इस नियम का नाम स्वरसाहचर्य-नियम है। यह नियम सभी मोंगोल उपभाषाओं में वर्तमान है। तथा तुर्की,मञ्जु और तुङगुस् भाषाओं में भी।

प्रत्यय, संज्ञा तथा धातुओं के अंग माने जाते हैं। इसलिए प्रायः प्रत्येक प्रत्यय के दो रूप हैं, एक पृष्ठ्य स्वर वाला, दूसरा अग्र्य स्वर वाला—आछा/एछे (अपादान कारक का प्रत्यय)॥

द्वितीय पाठ—व्यञ्जन

मोंगोल भाषा में बीस व्यञ्जन हैं—

ख ख़ ग ग़ ङ। छ ज। थ द न।

फ ब म। य र ल व। श स ह।

मोंगोल व्यञ्जनों का क्रम भी नागरी से भिन्न है—

	आदिरूप	मध्यरूप	अवसानरूप
न्			
ख्			
ग्			
ब्			

	आदिरूप		मध्यरूप			अवसानरूप		
प्, फ्								
स्								
श्								
थ्, द्								
ल्								
म्								
छ्								
ज्								
य्								
ख्, ग्								
र्								
व्								
ह्								
ङ्								
भोट ཧ								

एक लिपि-चिह्न के अनेक अर्थ

कई बार एक ही चिह्न अनेक अक्षरों का काम देता है। यथा—

१. आदिवर्ती आ।
२. मध्यवर्ती ख्। यदि व्यञ्जन के पूर्व आए तो ग्।

१. आदिवर्ती ए।
२. मध्यवर्ती, स्वरसाहचर्य-नियमानुसार, आ अथवा ए।
३. मध्यवर्ती स्वर के पश्चात् तथा व्यञ्जन से पूर्व, न्।

१. अवसानवर्ती, व्यञ्जन के पश्चात्, आ अथवा ए।
२. ,, स्वर के पश्चात्, न्।

जब शब्द के पश्चात्, अलग लिखा हो, तो आ अथवा ए।

१. आदिवर्ती य् अथवा ज्।
२. मध्यवर्ती, यदि दोनों ओर स्वर हों, तो य्।
३. ,, यदि दोनों ओर व्यञ्यन हों, तो इ।

१. आदिवर्ती तथा मध्यवर्ती, व्यञ्जन से पूर्व ग्।
२. अवसानवर्ती, व्यञ्जन के पश्चात्, इ।
३. जब शब्द के पश्चात् अलग लिखा हो, तो य्।

१. आदिवर्ती तथा मध्यवर्ती, ब्।
२. अन्तवर्ती उ, उु।

१. मध्यवर्ती, व्यञ्जन से पूर्व, द्।
२. ,, व्यञ्जन से पूर्व, ओन्, उन्, उुन्।

१. अवसानवर्ती, स्वर के पश्चात्, द्।
२. ,, व्यञ्जन के पश्चात्, उन्, उुन्।

अवसानवर्ती ख़ ग़ विशेष ध्यान देने योग्य है—

ग़्।

ख़ा।

गा।

उच्चारण और प्रयोग

ख़ और ग़ का उच्चारण फ़ारसी ख़ ग़ के समान है।

ग का उच्चारण क तथा ग के बीच का है। सुनने में कभी क तथा कभी ग सुनाई पड़ता है। इसका कारण यह है कि मोंगोल ग अघोष है।

इसी प्रकार द और ब। ये भी अघोष वर्ण हैं।

ख़ तथा ह का उच्चारण लगभग एक जैसा है।

फ़ व ह का प्रयोग केवल विदेशी शब्दों में होता है। याम्फ़ाइ (छत वाला तोरण द्वार)—यह चीनी का शब्द है। वजिर् (वज्र), विदुरिय (वैडूर्य), विवङ्खिरिद् (व्याकृति "भविष्य वाणी"), हरि (हरि "हरा"), महागाल (महाकाल)—ये संस्कृत के शब्द हैं।

र मोंगोल शब्दों के आरम्भ में नहीं आता। राशियान् "रसायन" का रूपान्तर है। खनिज जल जो चिकित्सा के लिए प्रयोग में आता है उसको आर्शान्, आराशान् (अर्थात् रसायन) कहते हैं। अरत्नदर=रत्नधर। अरत्नशिरि=रत्नश्री।

ख़ ग़ केवल पृष्ठ्य स्वरों के साथ आते हैं, अग्र्य के साथ कभी नहीं आते। ख़ोयार् (दो)। ग़ाजार् (स्थान)।

ख़ ग़ तथा ख ग के साथ निम्न स्वरों का योग होता है—

ख़ा ख़ि ख़ु ख़ो । ग़ा ग़ि ग़ु गो ।

खि खु खे खो । गि गु गे गो ।

संयुक्त व्यञ्जन केवल शब्द के मध्य में आते हैं। आदि अन्त में नहीं। तुलेम्जि (अधिक)।

विदेशी शब्दों में संयुक्त व्यञ्जन आदि तथा अवसान में भी आते हैं। ब्लामा (गुरु)—यह शब्द भोट का है। बोदिस्द्व (बोधिसत्त्व)—यह संस्कृत से है॥

गालिख अथवा मोंगोलीय संस्कृत-वर्णमाला

संस्कृत के मन्त्र लिखने के लिए मोंगोल में सम्पूर्ण वर्णमाला है। इसको गालिख (क-लेख) कहते हैं।

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ

ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः

क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण त थ द ध न

प फ ब भ म य र ल व

श ष स ह क्ष

तृतीय पाठ

कर्तृकारक

मोंगोल में सात विभक्तियां हैं। इनमें से कर्ता में प्रायः प्रत्यय नहीं लगता। कई बार अन्तिम न् का लोप हो जाता है। मोरिन् अथवा मोरि (घोड़ा), मोदुन् अथवा मोदु (वृक्ष)।

हिन्दी "ने" के समान मोंगोल में भी पांच कर्तृवाची शब्द हैं। ये सदा संज्ञा के पीछे आते हैं। विशेष कर यदि कर्ता सर्वनाम अथवा विशेषण हो—

(१) **बेर**। ओद्ख़ान् ख़ोबेगुन् बेर् बार्स् इ उजेबेइ। ख़ोबेगुन् उ एखे बेर् खाथुन् बुलुगे।
छोटे लड़के ने व्याघ्र को देखा। लड़के की माता रानी थी॥

मूलरूप से बेर् करण-कारक का प्रत्यय है। इसका अर्थ "द्वारा"।

(२) **इनु** (३) **आनु**। बासा ख़ोयार् आखा नार् आनु ओगुलेबेइ।
तब दो बड़े भाइयों ने कहा॥

बोदिसदुअ नार् उन् याबुदाल् आनु येयिमु बुइ।
बोधिसत्त्वों के चरित ऐसे हैं॥

इनु का मूल अर्थ "उसका" और आनु का मूल अर्थ "उनका" है। यह अर्थ अब भी किसी २ प्रसंग में लगता है। इनु, आनु में आद्य इ "वह" तथा आ "वे" प्रातिपदिक हैं। नु सम्बन्धवाची प्रत्यय है।

एबुल् इनु माशि खुइथेन् जुन् आनु माशि ख़ालागुन् आमुइ।
जाड़ा बहुत ठंडा, ग्रीष्म बहुत उष्ण होता है॥

(४) **बोल्बासु**। इसका मूल अर्थ है "यदि होवे"।

मोंगोल् उलुस् बोल्बासु आगुउ येखे आमुइ।
मोंगोल देश विशाल महान् है॥

(५) **बुगेसु**। इसका भी मूल अर्थ है "यदि होवे"।

ख़ाग़ान् ख़ाथुन् बुगेसु बुगुदेगेर् माशि बायास्बाइ ।
राजा रानी दोनों बहुत प्रसन्न थे ।।

कर्मकारक

हलन्त संज्ञाओं के पश्चात् इ, तथा अजन्त के पश्चात् यि प्रत्यय आता है। उलुस् इ (लोगों को), नोखोर् इ (मित्र को), आख़ा यि (बड़े भाई को), नोखाइ यि (कुत्ते को)।

कुछ नकारान्त शब्दों के न् का विकल्प से लोप भी हो जाता है। मोरिन् इ, मोरि यि (घोड़े को), मोदुन् इ, मोदु यि (वृक्ष को), सायिन् इ उइलेद्खु (शुभकर्म को करना), खोबेगुन् बेर् बार्स् इ उजेमुइ (लड़के ने व्याघ्र को देखा)।

कभी २ कर्म में कोई प्रत्यय नहीं लगता। जैसे हिन्दी में "को" सदा नहीं लगता इसी प्रकार मोंगोल में भी इ/यि सदा नहीं लगता। बार्स् मिखा इदेमुइ, बार्स् बेर् मिखा यि इदेमुइ (व्याघ्र मांस खाता है)। थेगुन् इ उजेबे (उसको देखा)। एने सेल्मे यि आब् (इस तलवार को लो)। छिङ्गिस् ख़ान् इ उजेबे (छिङ्गिस् ख़ान् को देखा)।

छिमा यि यागु आञ्खु बुइ खेमेन् ख़ाग़ान् आसागुमुइ।
तुम को क्या लेना है, यह राजा पूछेगा ।।

अब प्रत्यय-हीन कुछ और उदाहरण देंगे—उसु उगुखु (पानी पीना, जल-पान)। बि मोरि उनुजु इरेबे (मैं घोड़ा चढ़ कर आया)।
बि खोबेगुन् देगेन् ख़ाथुन् एरिजु याबुमुइ।
मैं पुत्र अपने के लिये स्त्री ढूंढने जाता हूं ।।

नोम् उङशि (पुस्तक पढ़)। बिछिग् बिछि (पत्र लिख)। खेले सुर् (भाषा सीख)। मोरि उनु (घोड़ा चढ़)। उनिये साग़ा (गाए दुह)।

संस्कृत के समान समयवाची शब्दों के साथ कर्म का प्रयोग होता है—गुर्बान् सारा याबुखु (तीन मास चलना)। बि ओङ्गेरेग्सेन् जिल् इरेबेइ (मैं गत वर्ष आया)। बाग़्शि इरेखु जिल् इरेमुइ (गुरु आगामी वर्ष आएगा) ।।

सामान्य करणकारक

हलन्त संज्ञाओं के पश्चात् इयार्/इयेर् तथा अजन्त के पश्चात् बार्/बेर् प्रत्यय आता है। ग़ार् इयार् (हाथ से), खोल् इयेर् (पाओं से), खिथुग़ा बार् (छुरी से), खेले बेर् (जिह्वा से), ओबेर् उन् छिसुन् इयार् (अपने लहू से)।

नकारान्त के दो रूप हैं—मोरिन् इयार्, मोरि बार् (घोड़े से), मोदुन् इयार्, मोदु बार् (वृक्ष से) ॥

सहभावी करण

यह मोंगोल में नई विभक्ति है। इसका प्रत्यय लुग़ा/लुगे है। आख़ा लुग़ा (बड़े भाई के साथ), ख़ाग़ान् लुग़ा (राजा के साथ), आल्थान् लुग़ा आदालि (सुवर्ण के साथ समान)।

ध्यान दीजिए कि समान, सदृश, तुल्य आदि शब्दों के साथ संस्कृत में भी करण का प्रयोग होता है ॥

सम्प्रदानाधिकरण

मोंगोल में सम्प्रदान तथा अधिकरण दोनों कारकों के लिए एक ही प्रत्यय है। गत्यर्थक क्रियाओं के साथ भी इस कारक का प्रयोग होता है।

अजन्त तथा ङकारान्त, नकारान्त, मकारान्त और लकारान्त संज्ञाओं से दुर्/दुर् प्रत्यय लगता है—ओइ दुर् ओद् बाइ (जंगल में/को गया)।

शेष संज्ञाओं से थुर्/थुर् प्रत्यय लगता है—निगेन् ग़ाजार् थुर् (एक देश में), थेरे छाग् थुर् (उस समय पर), थेरे जुग् थुर् (उस दिशा में)।

हलन्त, तथा इकारान्त सन्ध्यक्षर जिनके अन्त में हों, ऐसी संज्ञाओं से साहित्यिक तथा प्राचीन भाषा में आ/ए प्रत्यय का भी प्रयोग होता है—निगेन् ग़ाजार् आ (एक देश में), एदुर् ए (दिन में), याबुख़ुइ आ (जाने के लिए), थाउलाइ आ (शशे को)।

साहित्यिक भाषा के बाहर दा/दे, था/थे, दु/दु, थु/थु का भी प्रयोग है—मोरिन् दा, मोरिन् दु (घोड़े में) ॥

चतुर्थ पाठ

अपादानकारक

प्रत्यय आछा/एछे—ख़ोला आछा (दूर से), गेर् एछे (घर से, तम्बू से), नादा आछा खुछुथेइ (मेरे से शक्तिशाली)।

तुलना करने में हिन्दी के समान अपादान का प्रयोग होता है। संस्कृत तरप् तमप् के समान मोंगोल में तुलना वाले प्रत्यय नहीं हैं।

साहित्यिक भाषा से पूर्व की अवस्था में छा/छे रूप भी मिलते हैं। वास्तव में आछा/एछे दो

प्रत्ययों का संयोग है—सम्प्रदानाधिकरणवाची आ/ए तथा अपादानवाची छा/छे । अतः आछा/एछे का मूलार्थ है "में से, पर से" । मोरिन् छा (घोड़े से), मोरिन् आछा (घोड़े पर से) । गेर् छा (तम्बू से), गेर् एछे (तम्बू में से) । आधुनिक भाषा में आछा/एछे का आसा/एसे रूपान्तर हो गया है—उसुन् आसा (जल से) ।

खाग़ान् आछा आबुबा (राजा से लिया) । गेर् एछे ग़ारुबा (घर से निकला) ।।

खाग़ान् उ खाथुन् आछा निगेन् खोबेगुन् थोरोबेइ ।

राजा की रानी से एक पुत्र जन्मा ।।

जोबालाङ आनु निस्वानिस् आछा बोलुमुइ ।

दुःख आसक्ति से होता है ।।

जिर्गालाङ बुयान् आछा बोलुमुइ । छाइ आछा उगुबा ।

सुख पुण्य से होता है । चाए से पी (अर्थात् चाए पी) ।।

थेगुन् एछे गादान् आ । याबुखु आछा बुसु आर्गा उगेइ ।

उस से बाहर मे (अर्थात् अतिरिक्त) । जाने से भिन्न उपाय नहीं ।।

थेगुन् एछे खोयिशि, थेगुन् एछे उरिदा ।

इस से पीछे, इस से पूर्व ।।

ओङ्गेरेग्सेन् थाबुन् जिल् एछे । मार्गाशि यिन् एदुर् एछे एखिलेन् ।

पिछले पाच वर्ष से । कल के दिन से आरम्भ कर ।।

थेगुन् इ मोङगुन् एछे ओग्बे ।

इस को रुपये से दिया ।।

कई धातुओ के साथ अपादान का प्रयोग होता है—आयि, आयु—(किसी से) डरना । आसागु—(किसी से) पूछना । इछे—(किसी बात से) लज्जित होना । उया—(किसी से) बांधना । एल्गु—(किसी से) लटकना । थाथा—(किसी को) खींचना । यहां हिन्दी में कर्म है, मोंगोल में अपादान । दाबा—(नियमादि को) उल्लंघन करना । यहां भी हिन्दी में कर्म है । सुर्—(किसी से) पूछना ।।

सम्बन्ध

अजन्त संज्ञाओं से यिन् प्रत्यय लगता है । आखा यिन् (बड़े भाई का), एरे यिन् (पुरुष का), आगुला यिन् (पर्वत का), दालाइ यिन् (सागर का) ।

नकारान्त संज्ञाओं से उ/ü लगता है—खाग़ान् उ (राजा का), नोयान् उ (सामन्त का), सुन् उ (दूध का) ।

अन्य हलन्त संज्ञाओं से उन्/ün प्रत्यय लगता है—ग़ाल् उन् (अग्नि का), बार्स् उन् (व्याघ्र

का), उलुस् उन् (राज्य का), एम् उन् (औषध का)।

मोंगोल का प्रयोग संस्कृत और हिन्दी के समान है, अंग्रेजी के नहीं—

ख़ागान् उ ग़ुर्बान् ख़ोबेगुन् बुलुगे।

राजा के तीन लड़के थे।

King of three sons were.

किन्तु सामान्य अंग्रेज़ी का वाक्य है—The King had three sons. संस्कृत, हिन्दी के समान मोंगोल में "have" वाची धातु का प्रयोग नहीं। उसके स्थान में सम्बन्ध कारक तथा भू-अर्थक धातु का प्रयोग है।

मोरिन् उ एजेन् (घोड़े का स्वामी)। किन्तु अंग्रेज़ी में master of the horse क्रम भिन्न है, तथा of का प्रयोग horse के पूर्व है पश्चात् नहीं।

मोदुन् उ दर्ख़ान् (लकड़ी का कर्ता अर्थात् बढ़ई)। तर्खान् शब्द पंजाबी में बढ़ई अर्थ में प्रयोग होता है।

निदुन् उ एम्छि (आंखों का वैद्य), खेलेन् उ सुर्ग़ाग़ुलि (भाषाओं की पाठशाला), ख़ोयार् दाग़ुन् उ ग़ाजार् (दो क्रोश का अन्तर)। दाग़ुन् का अर्थ है ध्वनि। जितने दूर से मनुष्य की ध्वनि सुनी जाती है उसको क्रोश (हिन्दी में कोस) कहते हैं। क्रोश का अर्थ है चिल्लाना, पुकारना, ध्वनि। ख़ोयार् दाग़ुन् उ ग़ाजार् संस्कृत गव्यूति (दो कोस) का प्रतिरूप है।

जाग़ुन् जिल् उन् उये (शत वर्ष का काल), ओलान् जुइल् उन् आमिथान् नुग़ुद् (बहुत विध के जीव वर्ग)। थेदेन् उ निगेन् (तेषाम् एकः, उनमें से एक)—यहां सम्बन्ध का प्रयोग संस्कृत के समान है।

थाबुन् ख़ुबि यिन् निगेन् (पञ्च-भागानाम् एकः, पांच भागों में से एक अर्थात् एक बटा पांच), आर्बान् उ निगेन् ख़ुबि (दशानाम् एको भागः, दश में से एक भाग अर्थात् एक बटा दस), एरे यिन् सायिन् (मनुष्याणां श्रेष्ठः, मनुष्यों में अच्छा)। सायिन् का अर्थ अच्छा है। मोंगोल में, हिन्दी के समान, तरप्-तमप्-वाची प्रत्यय नहीं होते।

हिन्दी के समान अन्दर, बाहर, ऊपर, नीचे, पास, पीछे, आगे आदि के साथ सम्बन्ध का प्रयोग होता है—गेर् उन् देर्गेदे (घर के पास), आग़ुला यिन् ख़ोयिन् आ (पर्वत के पीछे में अर्थात् पीछे)।।

* * *

पञ्चम पाठ

पूर्ण संज्ञारूप

	आखा (ज्येष्ठ भ्राता)	एखे (माता)	नोखाइ (कुत्ता)
कर्ता	आखा	एखे	नोखाइ
कर्म	आखा यि	एखे यि	नोखाइ यि
करण	आखा बार्	एखे बेर्	नोखाइ बार्
सहवाची करण	आखा लुगा	एखे लुगे	नोखाइ लुगा
सम्प्रदानाधिकरण	आखा दुर् आखा दु	एखे दुर्, एखे द	नोखाइ दुर्, नोखाइ दु
अपादान	आखा आछा	एखे एछे	नोखाइ आछा
सम्बन्ध	आखा यिन्	एखे यिन्	नोखाइ यिन्

	उलुस् (लोग, राज्य)	गाजार् (भूमि,स्थान)	जोबालाङ (दुःख)
कर्ता	उलुस्	गाजार्	जोबालाङ
कर्म	उलुस् इ	गाजार् इ	जोबालाङ इ
करण	उलुस् इयार्	गाजार् इयार्	जोबालाङ इयार्
सहवाची करण	उलुस् लुगा	गाजार् लुगा	जोबालाङ लुगा
सम्प्रदानाधिकरण	उलुस् थुर्, उलुस् थु, उलुस् आ	गाजार् थुर्, गाजार् थु, गाजार् आ	जोबालाङ दुर्, जोबालाङ दु, जोबालाङ आ
अपादान	उलुस् आछा	गाजार् आछा	जोबालाङ आछा
सम्बन्ध	उलुस् उन्	गाजार् उन्	जोबालाङ उन्

	बुलाग् (कुआ,झरना)	छाग् (समय, ऋतु)	गेर् (तम्बू,घर)
कर्ता	बुलाग्	छाग्	गेर्
कर्म	बुलाग् इ	छाग् इ	गेर् इ
करण	बुलाग् इयार्	छाग् इयार्	गेर् इयेर्
सहवाची करण	बुलाग् लुगा	छाग् लुगा	गेर् लुगे
सम्प्रदानाधिकरण	बुलाग् थुर्, बुलाग् थु, बुलाग् आ	छाग् थुर्, छाग् आ	गेर् थुर्, गेर् ए
अपादान	बुलाग् आछा	छाग् आछा	गेर् एछे
सम्बन्ध	बुलाग् उन्	छाग् उन्	गेर् उन्

	खोबेगुन् (पुत्र)	मोदुन् (वृक्ष, काष्ठ)	मोरिन् (घोड़ा)
कर्ता	खोबेगुन्	मोदुन्, मोदु	मोरिन्, मोरि
कर्म	खोबेगुन् इ	मोदुन् इ, मोदु यि	मोरिन् इ, मोरि यि
करण	खोबेगुन् इयेर्	मोदुन् इयार्, मोदु बार्	मोरिन् इयार्, मोरि बार्
सहवाची करण	खोबेगुन् लुगे	मोदुन् लुग़ा	मोरिन् लुग़ा
सम्प्रदानाधिकरण	खोबेगुन् दुर्, खोबेगुन् ए	मोदुन् दुर्, मोदुन् आ	मोरिन् दुर्, मोरिन् दु
अपादान	खोबेगुन् एछे	मोदुन् आछा	मोरिन् आछा
सम्बन्ध	खोबेगुन् उ	मोदुन् उ	मोरिन् उ

षष्ठ पाठ

द्विविभक्ति-प्रयोग

हिन्दी के समान मोंगोल में भी दो दो विभक्तियां प्रयोग होती हैं।

(१) यिन् दुर् (के में, के को)—बाग्शि यिन् दुर् (गुरु के मे/को), एखे यिन् दुर् (माता के में/को)।

(२) थाछा, दाछा, थेछे, देछे (सम्प्रदानाधिकरण प्रत्यय था/दा, थे/दे+अपादान प्रत्यय छा/छे—उमुन् दा छा (पानी में से), गेर् थे छे (घर में से), मोरिन् दा छा (घोड़े पर से)।

(३) लुगा बार् (सामान्य करण तथा सहवाची करण के प्रत्यय)—नोयान् लुग़ा बार् (सामन्त के साथ से), बाग्शि लुग़ा बार् (गुरु के साथ से)॥

स्व-युक्त संज्ञारूप

कर्म। इ/यि के आगे स्वार्थक बान्/बेन् लग जाता है। गार् इ बान् (अपने हाथ को), नाग़ाछु यि बान् (अपने मामा को)। कर्म के स्वयुक्त रूप सम्बन्ध के रूपों के समान भी होते हैं—खाग़ान् युग़ान्, खागान् इयान्।

करण। करण प्रत्यय के आगे इयान्/इयेन् लग जाता है। जिदा बार् इयान् (अपने बर्छे से), खोल् इयेर् इयेन् (अपने पाओं से)।

सहवाची करण। कर्म के समान स्वार्थक बान्/बेन् लग जाता है। नाग़ाछु लुग़ा बान् (अपने मामा के साथ), एमे लुगे बेन् (अपनी पत्नी के साथ)।

सम्प्रदानाधिकरण। दुर्/दुर्, थुर्/थुर् के आगे इयान्/इयेन् लग जाता है। दु/दु, थु/थु के आगे बान्/बेन् लगता है। नाग़ाछु दुर् इयान् (अपने मामा को), ग़ार् थुर् इयान् (अपने हाथ में), नाग़ाछु

दु बान् (अपने मामा को), ग़ार् थु बान् (अपने हाथ में) ।

प्राचीन सम्प्रदानाधिकरण प्रत्यय दा/दि, था/थे और प्राचीन सम्बन्धवाची स्व-युक्त प्रत्यय ग़ान्/गेन् के संयोग से दाग़ान्/दिगेन्, थाग़ान्/थेगेन् प्रत्यय बना है । यह प्रत्यय सामान्यत: प्रयोग में आता है । एख़े देगेन् (अपनी मां को), गेर् थेगेन् (अपने घर में), ग़ार् थाग़ान् (अपने हाथ में), नाग़ाछ़ु दाग़ान् (अपने मामा को) ।

थाग़ान्/थेगेन् का प्रयोग ग ग़ द ब र स इन व्यञ्जनान्त संज्ञाओं के साथ होता है।

अपादान । आछ़ा/एछ़े के आगे बान्/बेन् अथवा ग़ान्/गेन् का प्रयोग होता है । नाग़ाछ़ु आछ़ा बान्, नाग़ाछ़ु आछ़ाग़ान् (अपने मामा से), गेर् एछ़े बेन्, गेर् एछ़ेगेन् (अपने घर से) ।

सम्बन्ध । उ/उु के आगे बान्/बेन् लगता है । मोरिन् उ बान् (अपने घोड़े का) । उन्/उुन्, यिन् के आगे इयान्/इयेन् लगता है । गेर् उुन् इयेन् (अपने घर का), नाग़ाछ़ु यिन् इयान् (अपने मामा का) ।

हलन्त संज्ञाओं के आगे बान्/बेन् तथा अजन्त संज्ञाओं के आगे इयान्/इयेन् लगता है । नाग़ाछ़ु बान् (अपने मामा का), ग़ार् इयान् (अपने हाथ का), गेर् इयेन् (अपने घर का) ।

युग़ान्/युगेन् सभी अजन्त अथवा हलन्त संज्ञाओं के आगे लग सकता है । गेर् युगेन् (अपने घर का), ग़ार् युग़ान् (अपने हाथ का), नाग़ाछ़् युग़ान् (अपने मामा का) ॥

स्व-युक्त संज्ञाओं के पूर्ण रूप

कर्म	आख़ा यि बान्	एख़े यि बेन्
	आख़ा बान्	एख़े बेन्
	आख़ा युग़ान्	एख़े युगेन्
करण	आख़ा बार् इयान्	एख़े बेर् इयेन्
सहवाची करण	आख़ा लुग़ा बान्	एख़े लुगे बेन्
	आख़ा थाइ बान्	एख़े थेइ बेन्
	आख़ा थायिग़ान्	एख़े थेयिगेन्
सम्प्रदानाधिकरण	आख़ा दुर् इयान्	एख़े दुर् इयेन्
	आख़ा दु बान्	एख़े दु बेन्
	आख़ा दाग़ान्	एख़े देगेन्
अपादान	आख़ा आछ़ा बान्	एख़े एछ़े बेन्
	आख़ा आछ़ाग़ान्	एख़े एछ़ेगेन्
सम्बन्ध	आख़ा यिन् इयान्	एख़े यिन् इयेन्
	आख़ा बान्	एख़े बेन्
	आख़ा युग़ान्	एख़े युगेन्

कर्म	मोरिन् इ बान्	ग़ाजार् इ बान्
	मोरि इ बान्	ग़ाजार् इयान्
	मोरि युग़ान्	
करण	मोरिन् इयार् इयान्	ग़ाजार् इयार् इयान्
	मोरि बार् इयान्	
सहवाची करण	मोरिन् लुग़ा बान्	ग़ाजार् लुग़ा बान्
	मोरि थाइ बान्	ग़ाजार् थाइ बान्
	मोरि थायिग़ान्	ग़ाजार् थायिग़ान्
सम्प्रदानाधिकरण	मोरिन् दुर् इयान्	ग़ाजार् थुर् इयान्
	मोरिन् दु बान्	ग़ाजार् थु बान्
	मोरिन् दाग़ान्	ग़ाजार् थाग़ान्
अपादान	मोरिन् आछा बान्	ग़ाजार् आछा बान्
	मोरिन् आछाग़ान्	ग़ाजार् आछाग़ान्
सम्बन्ध	मोरिन् उ बान्	ग़ाजार् उन् इयान्
	मोरिन् इयान्	ग़ाजार् इयान्
	मोरिन् युग़ान्	ग़ाजार् युग़ान्

सप्तम पाठ

सर्वनाम

	बि (मैं)	बा (हम, केवल हम, तुम सम्मिलित नहीं)	बिदा (तुम और हम)
कर्ता	बि	बा	बिदा
कर्म	नामा यि	मान् इ	बिदान् इ
करण	नामा बार्, नादा बार्	मान् इयार्	बिदान् इयार्
सहवाची करण	नामा लुग़ा	मान् लुग़ा	बिदान् लुग़ा, बिदेन् लुगे
सम्प्रदानाधिकरण	ना दुर्	मान् दुर्	बिदान् दुर्
		मान् आ	बिदान् आ
अपादान	नामा आछा, नादा आछा	मान् आछा	बिदान् आछा
सम्बन्ध	मिमु	मानु	बिदान् उ

	छि (तू)	था (तुम)	इ (वह)	आ (वे)
कर्ता	छि	था		
कर्म	छिमा यि	थान् इ	इमायि	—
करण	छिमा बार्	थान् इयार्	इमा बार्	—
सहवाची करण	छिमा लुगा	थान् लुगा	इमा लुगा	—
सम्प्रदानाधिकरण	छिमा दुर्	थान् दुर्, थान् आ	इमा दुर्	—
अपादान	छिमा आछा	थान् आछा	इमा आछा	—
सम्बन्ध	छिनु	थानु	इनु, नि	आनु

आनु को छोड कर आ के अन्य रूप प्रयोग में नही। बिदा का दूसरा रूप बिदा नार्। था का दूसरा रूप था नार्। आधुनिक भाषा मे था एक व्यक्ति को सम्बोधन करते समय तथा था नार् अनेक व्यक्तियों को सम्बोधन करते समय प्रयोग मे आता है।

	एने (यह)	एदे (ये)	एदेगेर् (ये)
कर्ता	एने	एदे	एदेगेर्
कर्म	एगुन् इ	एदेन् इ	एदेगेर् इ
करण	एगुन् इयेर्, एगुनेर्	एदेन् इयेर्	एदेगेर् इयेर्
सहवाची करण	एगुन् लुगे	एदेन् लुगे	एदेगेर् लुगे
सम्प्रदानाधिकरण	एगुन् दुर्, एगुन् ए	एदेन दुर्, एदेन् ए	एदेगेर् थुर्
अपादान	एगुन् एछे, एगुन्छे	एदेन् एछ	एदेगेर् एछे
सम्बन्ध	एगुन् उ	एदेन् उ	एदेगेर् उन्

	थेरे (वह)	थेदे (वे)	थेदेगेर् (वे)
कर्ता	थेरे	थेदे	थेदेगेर्
कर्म	थेगुन् इ	थेदेन् इ	थेदेगेर् इ
